ज्ञानदीप

अंक 101

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई.एस.ओ. : 9001–2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2008 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020)
26126816, 26123436
रेलवे : 62731

छात्रावास – डी ओ टी
(020) 26130579, मो 7420041134
रेलवे : 62101, 62158

फॅक्स : 020-26128677 रेलवे : 55860
ई–मेल : iricenmail@iricen.railnet.gov.in
वेबसाईट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 26 जुलाई–सितंबर 2023

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह का आयोजन
2. राष्ट्रपति भवन में भा.रे. इंजी.सेवा के परिवीक्षार्थी
3. मुख्य परियोजना निदेशक/मुख्य इंजी. स्टेशन डेव्लपमेंट का सेमिनार
4. रेल मंत्री राजभाषा पदक से सम्मानित
5. संस्थान में इंजीनियर्स दिवस का आयोजन
6. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
7. स्वागत / विदाई
8. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

ज्ञानदीप 25 वर्ष रजत जयंती वर्ष 1997-2022

1. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह का आयोजन



भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे में दिनांक 18 सितंबर से 22 सितंबर, 2023 तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्थान में दिनांक 18 सितंबर, 2023 को अपर महानिदेशक श्री सत्य प्रकाश द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर राजभाषा सप्ताह का विधिवत उदघाटन किया गया। इस अवसर पर राजभाषा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य को दर्शानेवाली एक लघु वृत्त चित्र ''प्यारी भाषा हिंदी'' दर्शकों को दिखाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक छोटी झलक के रूप में गीत–संगीत, कविता एवं अन्य प्रस्तुतियां अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत की गई।



अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर महानिदेशक (इरिसेन) श्री सत्य प्रकाश, संकाय अध्यक्ष श्री सी.एम.गुप्ता, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक पुल श्री शरद कुमार अग्रवाल ने राजभाषा सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर अपना संबोधन दिया।

दिनांक 20 सितंबर, 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157 वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजभाषा की प्रगति एवं प्रचार–प्रसार की दृष्टि से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्णय लिए गए। बैठक में महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान में राजभाषा सप्ताह मनाए जाने का मूल उद्देश्य राजभाषा में कार्य करने के प्रति जागरूकता निर्माण हो। सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिले। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं बैठक के उपाध्यक्ष श्री शरद कुमार अगवाल ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए ।



दिनांक 21 सितंबर, 2023 को राजभाषा संबंधी ज्ञान की पुनश्चर्या हेतु पूर्वाह्न में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं अपराह्न में प्रश्न मंच के मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारी गण एवं इरिसेन के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया

संरक्षक
आर.के. यादव
महानिदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
शरद कुमार अग्रवाल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
प्राध्यापक, पुल

संपादक
राजू पाल
वरिष्ठ अनुवादक
सहयोग – उदय ताजणे, व.अनुवादक



एवं तत्काल पुरस्कार प्राप्त किए।

राजभाषा सप्ताह के समापन समारोह पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि कलाकार श्री राजू भाई कठपुतली पार्टी, उदयपुर (राजस्थान) द्वारा 'कठपुतली शो' प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम की प्रस्तुति के पश्चात संस्थान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे टिप्पण आलेखन, निबंध, वाक् इत्यादि में भाग लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

वर्ष–2023 में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु अधिकारियों में श्री जे.एम. पटेकरी, सहा.प्राध्यापक/ रेलपथ 1 एवं कर्मचारियों में श्रीमती विद्या धानेकर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक (प्रशि.) एवं श्री प्रवीण रासकर, कार्यालय अधीक्षक को पुरस्कृत किया गया।

2. राष्ट्रपति भवन में भा.रे. इंजी.सेवा के परिवीक्षार्थी



दिनांक 14 एवं 15 सितंबर, 2023 को भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के (2018 एवं 2019 बैच) के परिवीक्षार्थियों ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर अन्य विभागों IRAS, IRPS, IRSE, IRSEE, IRSME, IRSSE, IRTS, RPF के परिवीक्षार्थी भी उपस्थित थे ।

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान के लिए यह एक अविस्मरणीय दिन था जब देश के सर्वोच्च पदासीन महामहिम राष्ट्रपति ने इंजीनियरिंग के अधिकारियों को उनके फील्ड में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उनकी कार्यक्षम ताओं को और अधिक विकसित करने के लिए राष्ट्रपति भवन में संबोधित किया, उन्हें अपना लक्ष्य तय करने की प्रेरणा दी एवं सभी परिवीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षार्थियों के दल के साथ माननीया सुश्री अंजली गोयल, सदस्य (वित्त) रेलवे बोर्ड, श्री आर.एस.सुनकर, सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, श्री आर. के. यादव, महानिदेशक इरिसेन भी राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। इस अवसर पर भा.रे.सि.इं. सेवा के परिवीक्षार्थी 2018 बैच श्री निखिल विरदी ने अपने प्रशिक्षण अनुभवों को साझा किया।



(2018 बैच के परिवीक्षार्थी)



(2019 बैच के परिवीक्षार्थी)

3. मुख्य परियोजना निदेशक/मुख्य इंजी. स्टेशन डेव्लपमेंट का सेमिनार



इरिसेन में दिनांक 22 एवं 23 सितंबर, 2023 को मुख्य परियोजना निदेशक / मुख्य इंजीनियर स्टेशन डेव्लपमेंट का सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय रेलों के सभी मुख्य इंजीनियरों एवं श्री दिनेश कुमार, अपर सदस्य/भूमि एवं अधि., श्री राकेश चौधरी, कार्यकारी निदेशक/स्टेशन डेव्लपमेंट एवं आरडीएसओ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सेमिनार की अध्यक्षता श्री आर.के.यादव महानिदेशक/इरिसेन ने की और प्रतिभागियों को संबोधित किया। सेमिनार में मुख्य परियोजना प्रबंधक/चंडीगढ़/आरएलडीए द्वारा ''मेजर अपग्रेडेशन ऑफ चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन ऑन ईपीसी'', पुणे मेट्रो के सामान्य परामर्शदाता बीआईएम के विशेषज्ञ द्वारा ''यूज ऑफ बीआईएम इन कंन्सट्रक्शन प्रोजेक्ट'' एवं मेसर्स ट्रीम्बल सोल्यूशन के राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधक द्वारा ''ऑटोमेशन थ्रू बीआईएम एंड डिजिटल टेक्नॉलॉजी इन कंन्सट्रक्शन'' पर प्रस्तुतीकरण दिए गए। सेमिनार में कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

4. रेल मंत्री राजभाषा पदक से सम्मानित



भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी के प्रयोग-प्रसार के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। संस्थान के श्री सत्य प्रकाश, अपर महानिदेशक को अपने कार्यक्षेत्र में हिंदी प्रयोग को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता को देखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिनांक 28 अगस्त, 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्कालीन अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अनिल कुमार लाहोटी जी के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। संस्थान की ओर से अपर महानिदेशक श्री सत्य प्रकाश को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

5. संस्थान में इंजीनियर्स दिवस का आयोजन



भारतरत्न स्वर्गीय श्री एम. विश्वेश्वरैया एक महान सिविल इंजीनियर थे। एम. विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर, 1860 को कर्नाटक के कोलर जिले के मुद्देनहली गांव में हुआ था। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वे पारंगत थे और इसीलिए उनकी याद में 15 सितंबर को संपूर्ण भारत में इंजीनियर्स दिवस का आयोजन किया जाता है। भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान में भी 15 सितंबर, 2023 को स्वर्गीय श्री एम. विश्वेश्वरैया जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके स्मरण में संस्थान के अपर महानिदेशक ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं संकाय अध्यक्ष श्री सी.एम. गुप्ता ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर संस्थान के सभी संकाय सदस्य, प्रशिक्षु अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

6. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र.	पाठ्य.क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	दिनांक से	दिनांक तक
1	23503	एनटीपीसी इंजीनियरों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	09/10/23	14/10/23
2	23621	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	09/10/23	27/10/23
3	23826	कंक्रीट प्रौद्योगिकी पुलों के लिए पीएससी/आरसीसी	09/10/23	13/10/23
4	23212	वेबिनार : पीएमसी की भूमिका और ईपीसी ठेकों में गुणवत्ता नियंत्रण	13/10/23	13/10/23
5	23424	परियोजना प्रबंधन	16/10/23	20/10/23
6	23439	यूएसएफडी और रेल ग्राइंडिंग	16/10/23	20/10/23
7	23622	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (पुल)	16/10/23	03/11/23
8	23437	पुल निरीक्षण अनुरक्षण, पुनर्स्थापना एवं पुन:निर्माण, बीएमएस	23/10/23	03/11/23
9	23231	वेबिनार : टेम्पिंग के 3-पॉइंट डिजाइन मोड और एएलसी का उपयोग	27/10/23	27/10/23
10	23623	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (यूएसएफडी)	30/10/23	04/11/23
11	23311	ऊर्जा क्षमता पर कार्यशाला	20/11/23	22/11/23
12	23627	टीएमएस और यूडीएम पर कार्यशाला	20/11/23	22/11/23
13	23233	वेबिनार : जीआईएस तकनीकों का उपयोग करते हुए पुलों के लिए डिजाइन डिस्चार्ज का कैलक्यूलेशन	21/11/23	21/11/23
14	23013	एमईएस इंजीनियरों के लिए पाठ्यक्रम	28/11/23	02/12/23
15	23105	समेकित	28/11/23	16/02/24
16	23442	पुल योजना	28/11/23	08/12/23

17	23624	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	28/11/23	15/12/23
18	23625	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (कार्य)	28/11/23	08/12/23
20	23458	अवपथन जांच	04/12/23	08/12/23
21	23827	ऑटोकैड	11/12/23	15/12/23
22	23307	इरिसेन दिवस	14/12/23	16/12/23
23	23234	वेबिनार :थीक वेब स्वीच और घुमावों पर पॉइंट एवं क्रॉसिंग	15/12/23	15/12/23
24	23443	पुल- निर्माण, निरीक्षण और अनुरक्षण	18/12/23	29/12/23
25	23459	यूएसएफडी और रेल ग्राइंडिंग	18/12/23	23/12/23
26	23626	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	18/12/23	05/01/24
27	23828	जेई/सीईजी, (ड्राइंग) के लिए विशेष पाठ्यक्रम	18/12/23	29/12/23
28	23417	यंत्रीकृत अनुरक्षण तथा रेलपथ टॉलरन्स और रेलपथ की निगरानी	26/12/23	30/12/23
29	23504	डीएफसीसीआईएल ग्रेड II फेज II के कनिष्ठ प्रबंधकों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	26/12/23	16/02/24
30	23235	वेबिनार : तीव्र घुमावों और खड़ी ढलानों पर एलडब्ल्यूआर	29/12/23	29/12/23

7. स्वागत एवं विदाई



1995 बैच के भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी **श्री अनिल कालरा** ने दिनांक 21 सितंबर, 2023 से संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप ग्रुप महाप्रबंधक/सिविल/निर्माण, डीएफसीसीआईएल/ नई दिल्ली के पद पर कार्यरत थे। आपने वर्ष 1993 में बीई (सिविल)/आईआईटी, रूड़की से एवं वर्ष 1995 में एम.ई (पर्यावरण) की डिग्री इंजीनियरिंग कॉलेज दिल्ली से प्राप्त की है। आपने इरिसेन में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट भा.रे.सि.इं. से. परिवीक्षार्थी के रूप में आर.के.जैन शील्ड हासिल की है। आपने रेल सेवा की शुरूआत सहायक मंडल इंजीनियर /दिल्ली उत्तर रेल से की। पश्चात रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया गया। आपने संयुक्त निदेशक/रेलपथ मशीन, संयुक्त निदेशक पुल एवं संरचना/सीबी-1, निदेशक/अनुसंधान, निदेशक/ जीई, लखनऊ आरडीएसओ, मुख्य इंजीनियर (पश्चिम) मुंबई मध्य रेल, डीएफसीसीआईएल में महाप्रबंधक - सीजीएम / मुख्य परियोजना प्रबंधक, ग्रुप महाप्रबंधक (सिविल) नई दिल्ली इत्यादि महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इरिसेन परिवार आपका हार्दिक स्वागत करता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री घनश्याम बंसल,** वरिष्ठ प्राध्यापक रेलपथ-1 की स्वेच्छा सेवानिवृत्ति दिनांक 2 अगस्त, 2023 को हुई। स्वेच्छा सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और शुभकामनाएं देता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री अनिल चौधरी,** वरिष्ठ प्राध्यापक रेलपथ मशीन का प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण 'भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण' (एनएचएआई) में सदस्य (परियोजना) के पद पर हुआ है। आप दिनांक 26 सितंबर, 2023 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए। संस्थान आपके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री लवप्रकाश श्रीवास्तव,** वरिष्ठ अनुदेशक रेलपथ-2 की पदोन्नति सहायक इंजीनियर के पद पर संस्थान में ही हुई है। आपने दिनांक 25 जुलाई, 2023 को सहायक इंजीनियर का पदभार ग्रहण किया। इरिसेन परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।



संस्थान में कार्यरत **श्री प्रवीण कोटकर,** वरिष्ठ अनुदेशक रेलपथ-1 की पदोन्नति सहायक इंजीनियर (ट्रैक म शीन) चर्चगेट के पद पर हुई है। आपने दिनांक 18 अगस्त, 2023 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए। इरिसेन परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।

8. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र संख्या क्र. 23102

प्रथम	द्वितीय	तृतीय
		
के. रवि, सहा. कार्यकारी इंजी. / आईसीएफ, चेन्नई	**गणेश सिंह,** सहा.इंजीनियर/जी/ मुख्या./ नई दिल्ली, उत्तर रेल	**प्रवीण कोटकर,** सहा. कार्यकारी इंजी. रेलपथ मशीन/ चर्चगेट/ पश्चिम रेल

सत्र संख्या क्र. 23103

प्रथम	द्वितीय	तृतीय
		
विकास चंद्र दत्ता, सहा. मंडल इंजी./ बापूधाम मोतिहारी, पूर्व मध्य रेल	**राजेश नीलम,** सहा. निरीक्षण इंजीनियर ग्वालियर उत्तर मध्य रेल	**राहुल शर्मा,** सहा. इंजी. गति शक्ति यूनिट, उत्तर रेल

श्री शरद कुमार अग्रवाल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, पुल भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे-1 द्वारा केवल सीमित नि:शुल्क वितरण हेतु प्रकाशित ।